जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | YouTube Hamarawatan

वर्ष- 57 | अंक-18 | जयपुर, सोमवार, 10 मई, 2021 | वार्षिक शुल्क 150 रुपये (एक प्रति 3 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## एक अपील ऐसी भी ........!!!



**प्रिय पाठको,**

मैं आशा करता हूँ कि आप और आपके प्रियजन स्वस्थ होंगे। मैं आप लोगों से कोविड-19 से लड़ने के लिए सफाई भी, दवाई भी, कड़ाई भी के मंत्र का पालन करने का अनुरोध करता हूं। कोविड-19 के विरुद्ध लड़ाई में टीका ही सबसे बड़ा हथियार है, अतः आप सभी से निवेदन है कि कृपया अपनी बारी आने पर टीका जरुर लगवाएं और ऐसा करने के लिए दूसरों को भी प्रेरित करें। ध्यान रखें की टीका लगने के बाद भी मास्क अवश्य पहने, एक दूसरे से दो गज की दूरी रखें और हाथ बार - बार धोना न भूलें । थोड़ी सी भी परेशानी होने पर डॉक्टर को दिखाएँ । क्योंकि गंभीर होने पर ना तो बेड मिलेगा ना ही ऑक्सीजन ।

आप लोगों के लिए एक व्यक्ति और हॉस्पिटल्स के लिए एक मरीज हैं, लेकिन अपने परिवार के लिए आप सब कुछ हैं । प्लीज़ अपना ख्याल रखें ! मुसीबत में सभी मदद का हाथ जरूर उठायें ! कल हमें भी मदद की जरूरत पड़ सकती है । इस मुश्किल की घड़ी में अपनी इंसानियत को जरूर जिंदा रखें ।

**शुभकामनाए !**
**राम गोपाल सैनी (संपादक)**

## चौमूं में ऑक्सीजन प्लांट लगाने के लिए चेयरमैन ने लिखा पत्र



चौमूं (हमारा वतन) नगर पालिका विष्णु कुमार सैनी ने नगरपालिका चौमूं में ऑक्सीजन प्लांट लगाए जाने के संबंध में स्वायत्त शासन मंत्री को पत्र लिखा है ।

पत्र में लिखा है की वर्तमान परिपेक्ष्य में कोरोना महामारी की दूसरी लहर जो कि पहले से भी अधिक घातक सिद्ध हो रही है । कोविड-19 से पीड़ित रोगियों की संख्या में अप्रत्याशित बढ़ोतरी हो रही है । जिसके फलस्वरूप ऑक्सीजन की खपत में भी अप्रत्याशित रूप से बढ़ोतरी हुई है । कोरोना रोगियों के जीवन को बचाने हेतु ऑक्सीजन की खपत बढ़ने के कारण देशभर में ऑक्सीजन की आवश्यक मात्रा में अनुपलब्धता देखी जा रही है । राजस्थान राज्य में भी ऑक्सीजन की कमी चल रही है । महामारी की गंभीरता को देखते हुए मानव जीवन को बचाने हेतु प्रदेश भर में ऑक्सीजन प्लांटों की शीघ्र स्थापना किए जाने की आवश्यकता है । चोमू विधानसभा में भी कोविड-19 से पीड़ित व्यक्तियों की अप्रत्याशित बढ़ोतरी हुई है । रोगियों की आवश्यकता एवं मांग को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त क्षमता का ऑक्सीजन प्लांट नगर पालिका क्षेत्र चोमू में लगाए जाने की स्वीकृति जारी की जाए । गौरतलब है की नगर पालिका क्षेत्र चोमू में लगभग 25 से 30 अस्पताल संचालित हैं । चौमूं विधानसभा राजधानी जयपुर के नजदीक भी है ।

# जिन्होंने एक रुपये में सरकार से जमीन ली है, वे भी लूट रहे हैं

- ❒ धरती का भगवान इतना बेदर्द क्यों ??
- ❒ जनता को लूटने के लिए जमीन नहीं दी है
- ❒ इस महामारी में कमाने की कोशिश मत करो
- ❒ क्या करोगे इतना इकट्ठा करके, दिक्कत हो जाएगी।

जयपुर (हमारा वतन) कोरोना काल में मरीजों से मनमाना रेट वसूलने वाले निजी अस्पतालों के खिलाफ परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने मोर्चा खोल दिया है। खाचरियावास ने अस्पतालों पर मुनाफाखोर की तरह बर्ताव करने और मरीजों को लूटने का आरोप लगाते हुए कार्रवाई की चेतावनी दी है। खाचरियावास ने कहा - कोरोना काल में प्राइवेट अस्पतालों ने लूट मचा रखी है। दुख की बात तो यह है कि उद्योगपतियों के हॉस्पिटल, जिन्होंने एक रुपये में सरकार से जमीन ली है। वे भी लूट रहे हैं। इन बड़े-बड़े ब्रांड नेम वाले हॉस्पिटल को आपदा में जनता को लूटने के लिए जमीन नहीं दी है। प्राइवेट हॉस्पिटल वाले सुधर जाएं। हम जनता को लुटते हुए नहीं देख सकते, कार्रवाई करेंगे।



**वेंटिलेटर नहीं होने का बनाते हैं बहाना**

खाचरियावास ने कहा, सरकार ने इन हॉस्पिटल के लिए रेट तय कर रखा है। फिर भी कोई उसके हिसाब से पैसा नहीं ले रहा। इस आपदा की घड़ी में सरकार हर जगह जाकर चेक नहीं कर सकती। तय रेट से बहुत ज्यादा वसूली हो रही है। यह अति है। कोरोना मरीजों को भर्ती करके वेंटिलेटर नहीं होने का बहाना बनाकर बाहर निकल देते हैं। मरीज को बाहर निकालने का अधिकार किसने दिया? कोई अस्पताल मरीजों को बाहर निकालेगा, उसके खिलाफ हम कार्रवाई करेंगे? उन्होंने यह भी कहा- इस महामारी में आज कमाने की कोशिश मत करो। क्या करोगे इतना इकट्ठा करके, दिक्कत हो जाएगी।

**हॉस्पिटलों द्वारा ऑक्सीजन सिलेंडर और कोविड मरीजो की संख्या सार्वजनिक करने की उठी मांग**

इधर चौमूं में सेठ श्री आर एल सहरिया पी जी कॉलेज की छात्रसंघ अध्यक्ष चंद्रकला नौगरी, तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविन्द्राचार्य, टीम इंद्र वशिष्ठ के अध्यक्ष इंद्र वशिष्ठ और ब्राह्मण समाज राजस्थान के जिलाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी, सुरेश फौजी सहित कई दर्जनों लोगों द्वारा कोरोना महामारी में हॉस्पिटलों द्वारा कोविड-19 के मरीजों और ऑक्सीजन सिलेंडर की सूची हॉस्पिटल द्वारा सार्वजनिक करने हेतु उपखंड अधिकारी उपेन्द्र शर्मा और जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपे जा रहे हैं । ज्ञापन में बताया की सभी हॉस्पिटल में कोविड-19 के रोगियों के साथ खिलवाड़ हो रहा है । हॉस्पिटल ना तो रोगियों की संख्या बता रहे है और ना ही ऑक्सीजन सिलेंडर की संख्या बता रहे हैं । किसी भी समय रोगियों को बाहर निकाल रहे हैं । भर्ती भी नहीं कर रहे हैं । ऑक्सीजन की अनुपलब्धता का हवाला दे रहे हैं और रोगियों को बोल रहे है की ऑक्सीजन सिलेंडर ले आओ नहीं तो रोगी को ले जाओ । जबकि ऑक्सीजन प्लांट वाले सिंगल सिलेंडर नहीं दे रहे हैं । आखिर जनता जाए तो कहाँ जाए ?

ज्ञापन में सभी हॉस्पिटलों द्वारा रिसेप्शन पर कोविड-19 रोगियों की संख्या और ऑक्सीजन सिलेंडर की संख्या सार्वजनिक करने की मांग की गई । ताकि परिजनों और मरीजों को बेवजह परेशानी का सामना नहीं करना पड़े ।

## कविता

## माँ तो बस माँ है

माँ तो बस माँ है
माँ ममता का सागर है
माँ भावनाओं का भंडार है
माँ जीवन का आधार है
माँ ईश्वर का आभार है
माँ तो बस माँ है
तुझ से है वजूद मेरा
मेरा सारा जीवन तेरा
कैसे चुकाऊंगा दूध का कर्ज तेरा
इस जग में तुझ बिन कौन मेरा
माँ तो बस माँ है
मेरे होने का साक्ष्य है माँ
मेरे दिल के एहसासों की पावन भूमि है माँ
जीवन मरुस्थल में मीठा सा झरना है माँ
हर कल्पना अधूरी है बिन माँ
माँ तो बस माँ है
माँ तो जीवन धुरी है
माँ तो पूरा जग है
माँ धरती पर परमात्मा की गवाही है
माँ के कदमों में काशी काबा है
माँ तो बस माँ है
अम्बर से विशाल है आँचल माँ का
पढ़ लेती है चंचल मन बच्चों का
करती है हर मुश्किल का सामना
नहीं सीखा है डर कर भागना
माँ तो बस माँ है
बेचैन रातों की नींद है माँ
हर समस्या का समाधान है माँ
भगवान का वरदान है माँ
बच्चों की आह की सिसकी है माँ
माँ तो बस माँ है
माँ आराध्य है
माँ पूजा की थाली है
माँ की गूंज मंत्रो का जाप है
माँ भगवान से बढ़कर है
माँ तो बस माँ है
माँ बिन जीवन अधूरा है
माँ का नहीं कोई दूसरा पर्याय
माँ है तो सर्वस्व है
माँ बिन जीवन व्यर्थ है
माँ तो बस माँ है।



**योगिता शर्मा**
**जयपुर**

## वैक्सीनेशन के लिए विधायक रामलाल शर्मा ने की 1 करोड़ की अनुशंसा




चौमूं (हमारा वतन) भाजपा मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा ने कोरोना महामारी के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए 18 से 45 वर्ष की उम्र के युवाओं के लिए विधानसभा क्षेत्र चौमूं में कोरोना वैक्सीनेशन करवाने के लिए विधायक कोष से 1 करोड़ की राशि जारी करने की अनुशंषा मुख्यमंत्री को भेजी है।

विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि प्रदेश में लगातार कोरोना महामारी का प्रकोप बढ़ता जा रहा है तथा 18 से 45 वर्ष की उम्र के युवा कोरोना संक्रमण की चपेट में आ रहे हैं। युवाओं को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए मैंने विधायक कोटे से 1 करोड रुपए की अनुशंसा भेजी है ताकि विधानसभा क्षेत्र के सभी युवाओं को कोरोना का टीका लगाया जा सके।

# राहत की खबर : सरकार घर-घर पहुंचाएगी कोविड ट्रीटमेंट किट

जयपुर (हमारा वतन) राज्य में बढ़ते कोरोना केसों को देखते हुए गहलोत सरकार ने नया कदम उठाया है। सरकार ने घर-घर में कोविड ट्रीटमेंट किट पहुंचाने का निर्णय किया है। इस किट में वह दवाइयां होंगी, जो कोरोना के हल्के लक्षण के समय मरीजों को दी जाती है। हालांकि इन किटों को प्राथमिकता के आधार पर पहले उन घरों में भिजवाया जाएगा, जहां कोविड मरीज हैं और होम आइसोलेशन में है। इसके अलावा उन एरिया में भी प्राथमिकता से वितरित करवाया जाएगा, जहां सबसे ज्यादा संक्रमित मरीज मिल रहे हैं। चिकित्सा विभाग के सचिव सिद्धार्थ महाजन ने बताया कि हमने सभी जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को ये निर्देश दिए हैं कि इन दवाइयों का पर्याप्त स्टॉक रखें और स्टॉक नहीं होने पर मुख्यालय पर डिमांड भिजवाएं, ताकि दवाइयां जिलों में पहुंचाई जा सकें। उन्होंने बताया कि इन दवाइयों के प्रयोग से हल्के लक्षण वाले मरीजों व उनके संपर्क में आए मरीजों को लाभ मिलेगा। सचिव ने बताया कि कोरोना ट्रीटमेंट किट में 5 तरह की टेबलेट होगी। इसमें एजीथ्रोमायसिन (AZITHROMYCIN) टेबलेट 500 एमजी की 3 गोली, पैरासिटामोल (PARACETAMOL) 500 एमजी की 10 गोली, लिवोसिट्राजिन (LEVO-CEITRIZINE) 50 एमजी की 10 गोली, जिंक सल्फेट (ZINC SULPHATE) 10 एमजी की 20 गोली और एस्कोरबिक एसिड (ASCORBIC ACID) 500 एमजी की 10 गोली होगी। इन किटों को बांटने वाले चिकित्सा कर्मी संबंधित परिवार के लोगों को यह भी बताएंगे कि किस बीमारी में कौन सी गोली किस समय ओर कितनी लेनी है ।



## कोरोना संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए मंत्रिपरिषद के महत्वपूर्ण निर्णय

# राजस्थान में 10 मई से 24 मई तक सख्त लॉकडाउन

जयपुर (नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए हुई राज्य मंत्रिपरिषद की बैठक में ग्रामीण क्षेत्रों एवं युवा वर्ग में बढ़ते कोरोना संक्रमण तथा मृत्यु की संख्या पर गहन चिंता व्यक्त की गई। मंत्रिपरिषद ने इसके दृष्टिगत संक्रमण की चेन तोड़ने के लिए प्रदेश में 10 मई से 24 मई तक सख्त लॉकडाउन लागू करने का निर्णय किया है। मंत्रिपरिषद द्वारा पांच सदस्यीय मंत्री समूह के सुझावों पर चर्चा कर महामारी के प्रसार को रोकने के लिए बैठक में किए गए निर्णय इस प्रकार है।



**ऑक्सीजन के अपर्याप्त आवंटन पर व्यक्त की चिंता**

बैठक में मंत्रिपरिषद ने प्रदेश में ऑक्सीजन के अपर्याप्त आवंटन पर गहरी चिंता व्यक्त की गई। मंत्रिपरिषद ने कहा कि राजस्थान में कोरोना संक्रमितों की बड़ी संख्या के अनुपात में केन्द्र सरकार द्वारा किया गया आवंटन नाकाफी है। जामनगर से अनावंटित 200 मेट्रिक टन ऑक्सीजन की मात्रा में से राजस्थान को अधिकतम आवंटन किया जाए। क्योंकि वर्तमान में कोविड रोगियों के लिए प्रदेश में ऑक्सीजन की आवश्यकता 600 एमटी से अधिक पहुंच गई है और 15 मई तक इसके लगभग 795 एमटी तक हो जाने का अनुमान है।

ऐसे में, केन्द्र सरकार राज्य की आवश्यकता के अनुरूप जल्द-से-जल्द ऑक्सीजन का आवंटन बढ़ाए। बैठक में बताया गया कि विभिन्न स्तर पर 50 हजार ऑक्सीजन कॉन्सनट्रेटर की उपलब्धता के प्रयास किए जा रहे हैं। करीब 47 हजार कॉन्सनट्रेटर की खरीद के लिए आदेश जारी कर दिए गए हैं। कई जिलों में स्थानीय स्तर पर 1 हजार कॉन्सनट्रेटर मिल भी गए हैं। कुछ दिनों में विभिन्न देशों से कॉन्सनट्रेटर की आपूर्ति होना शुरू हो जाएगा।

## युवाओं के टीकाकरण के लिए आईएएस तीन तथा आरएएस देंगे दो दिन का वेतन

जयपुर (नि.सं.)। प्रदेश में 18 से 44 वर्ष आयु वर्ग के लोगों के निशुल्क वैक्सीनेशन के लिए मुख्यमंत्री अशोक गहलोत द्वारा की गई आर्थिक सहयोग की अपील पर आईएएस एवं आरएएस अधिकारियों ने पहल करते हुए राजस्थान मुख्यमंत्री सहायता कोष-कोविड वैक्सीनेशन अकाउंट में अंशदान देने की घोषणा की है। मुख्यमंत्री को आईएएस एसोसिएशन की ओर से मुख्य सचिव निरंजन आर्य ने तीन दिन तथा आरएएस एसोसिएशन की ओर से अध्यक्ष शाहीन अली खान ने दो दिन का वेतन देने के निर्णय से अवगत कराया। गहलोत ने उनकी इस पहल को सराहते हुए कहा कि संकट के इस समय में प्रदेशवासियों की जीवन रक्षा सर्वोपरि है। इस दिशा में हर वर्ग का सहयोग राज्य सरकार के कोविड प्रबंधन के प्रयासों को और मजबूती प्रदान करेगा। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री के निर्देश पर बैंक खाता स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की जयपुर सचिवालय शाखा में खोला गया है, जिसकी खाता संख्या 40166914665 और आईएफएससी कोड 0031031 है। सहयोगकर्ता इस विवरण के साथ नकद, चैक एवं इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से इस खाते में सहयोग राशि हस्तान्तरित कर सकते हैं। इस खाते में प्राप्त दान राशि का प्रयोग केवल युवा वर्ग के निशुल्क टीकाकरण के लिए किया जाएगा।

## जयपुर में बेवजह बाहर निकलने वालो के खिलाफ कठोर कार्यवाही नोडल अधिकारी निर्भया स्क्वायड



जयपुर (नि.सं.)। अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त एवं नोडल अधिकारी निर्भया स्क्वायड सुनीता मीना ने बताया कि कोरोना की यह दूसरी लहर बहुत खतरनाक है पिछली लहर की तुलना में इस बार संक्रमण की दर भी अधिक है साथ ही मृत्यु भी बहुत अधिक हो रही हैं अगर ऐसा ही चलता रहा अगली लहर और भी ज्यादा खतरनाक आएगी बच्चे बड़े बुजुर्ग सभी कोरोना की चपेट में आ रहे हैं जब तक यह संक्रमण की चैन टूटेगी नहीं कोरोना खत्म कैसे होगा अगर हम 14 दिन घर में रह लेंगे तो निश्चित रूप से संक्रमण की दर घटेगी इसीलिए जो व्यक्ति घर से बेवजह बाहर निकल रहे हैं। पुलिस उनके खिलाफ कठोर कार्यवाही अपना रही है उन्हें क्वारंटाइन किया जा रहा है तथा उनकी जांच कराई जा रही है यदि वह पॉजिटिव आए तो 15 दिन के लिए उन्हें अपने घर वालों से दूर रहना होगा यानी कि क्वारंटाइन किया जाएगा। हम पुलिस वालों ने तो जनता के स्वास्थ्य की रक्षा के लिए कमर कस ली है अब बारी है आपकी अगर आप लोग कोरोना को हमेशा के लिए भगाना चाहते हैं तो हमें भी वही करना होगा जो अन्य देशों ने किया है जिन देशों ने अपने आपको कोरोना से मुक्त घोषित किया है उसके पीछे कारण बहुत बड़े स्तर पर जनता का वैक्सीनेशन है वैक्सीनेशन एवं मास्क का उपयोग व दो गज की दूरी से इन देशों ने हम सबके सामने एक उदाहरण पेश किया है इसलिए अब हाथ कंगन को आरसी क्या और पढ़े लिखे को फारसी क्या यानी कि हम सबको vaccination करवा लेना चाहिए आइए आज ही रजिस्ट्रेशन कराएं मैंने vaccination की दोनों खुराक ले ली हैं तथा मुझे किसी भी प्रकार का साइड इफेक्ट नहीं हुआ है इसलिए साथियों घबराए नहीं तुरंत रजिस्ट्रेशन कराएं और बिना हिचकिचाये बिना डरे वैक्सीनेशन का हिस्सा बने, क्योंकि वैक्सीनेशन से ही होगी विक्टरी।

## दुर्घटना में दोनों हाथ गंवाने पर भी नहीं मानी हार, तैराकी में जीते 150 पदक

जयपुर (नि.सं.)। यह एक ऐसे शख्स की प्रेणादायक कहानी है, जिसने दो अलग-अलग दुर्घटनाओं में अपने दोनों हाथ खो दिए, लेकिन विपरित परिस्थितियों में हौसला खोने के बजाय उसने राष्ट्रीय स्तर पर तैराकी में नाम कमाया है। दोनों हाथ खोने के बाद भी उन्होंने कड़ी मेहनत जारी रखी और तैराकी में कई बार विजेता बने। अब उसकी नजर 2022 में हांग्जो में आयोजित होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप पर बनी हुई है। पिंटू गहलोत नामक इस तैराक ने तमाम बाधाओं के बीच पानी में अपने शरीर को संतुलित करने का अभ्यास किया, अब तक वह विभिन्न राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय टूर्नामेंटों में 150 से अधिक पदक जीत चुके हैं। वह अपनी अकादमी में अब युवा छात्रों को भी प्रशिक्षित कर रहे हैं, जिन्होंने विभिन्न टूर्नामेंटों में 100 से अधिक पदक जीते हैं। वह अब 2022 में हांग्जो में आयोजित होने वाली एशियाई चैम्पियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने का लक्ष्य लेकर चल रहा है।

राजस्थान में जोधपुर के चोखा गांव के निवासी पिंटू गहलोत 1998 में एक दुर्घटना के दौरान एक हाथ खो बैठा थे, जब वह कक्षा सातवीं के छात्र थे। उन्होंने एक बस दुर्घटना में अपना दायां हाथ गंवा दिया। हालांकि इसके बाद उन्होंने अपने बाएं हाथ के साथ अपनी सफलता की कहानी लिखने की कोशिश की।

दृढ़निश्चय के साथ उन्होंने स्विमिंग पूल में तैराकी का अभ्यास शुरू किया और अथक प्रयासों के बाद न केवल खुद को प्रशिक्षित किया, बल्कि खुद के लिए एक खास पहचान भी बनाई।

सात साल की कड़ी मेहनत के बाद, उन्होंने जोधपुर में आयोजित राज्य पैरा चैम्पियनशिप जीती।

## नौकरी बदलते वक्त EPFO से जुड़ी इन बातों का रखें ध्यान, नहीं होगा नुकसान

नई दिल्ली। ईपीएफ अकाउंट को लेकर कई बार इनवेस्टर के मन में कई तरह के संशय रहते हैं। जैसे नौकरी बदलने के वक्त क्या अपना ईपीएफ अकाउंट भी ट्रांसफर करना चाहिए? कब अपने पीएफ अकाउंट से पैसा निकाल सकते हैं और उसकी शर्तें क्या हैं? पीएफ अकाउंट पर लोन कितना ले सकते हैं? ये वो सवाल हैं, जिससे हर एक ईपीएफ इनवेस्टर एक बार जरूर टकराता है। आइए समझते हैं आप अपने ईपीएफ खाते को कैसे संचालित कर सकते हैं और उससे कब लाभ ले सकते हैं। मान लिजिए अगर आप ने पहली नौकरी 2015 में शुरू की और अब तक तीन नौकरी बदल चुके हैं, लेकिन इस दौरान आपके ईपीएफ अकाउंट की निरंतरता बरकरार रही तो आप 5 साल के बाद पीएफ अकाउंट के नियमों के अनुसार पैसा निकाल सकते हैं। अगर आपको कोई गंभीर बीमारी है तब भी आप ईपीएफ से पैसा निकाल सकते हैं। कई बार ईपीएफ इन्वेस्टर के मन में यह भी प्रश्न उठता है कि एक ही यूएन नंबर के दो अलग-अलग पासबुक होने पर क्या कोई दिक्कत होती है? हमेशा ईपीएफओ अकाउंट इन्वेस्टर को यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि अगर आप कंपनी से दूसरी कंपनी में जा रहे हैं तो आप नए अकाउंट को पुराने में मर्ज कर दें।

अगर आपका ईपीएफओ कॉन्ट्रिब्यूशन 5 साल से कम है तो अकाउंट पर टैक्स लगेगा। ऐसे में यह ध्यान रखें कि नौकरी ज्वाइन करते वक्त अपना ईपीएफ अकाउंट से जुड़ी सारी डिटेल्स भी चेक कर लें। नौकरी बदलते वक्त उसे ट्रांसफर कर लें।

## हेल्थ इंश्योरेंस: घर पर कोरोना इलाज का भी बीमा कवर मिलेगा

नई दिल्ली। देश में कोविड मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। अस्पतालों में कहीं ऑक्सीजन की कमी है, तो कहीं बेड की। ऐसे में बहुत से लोग होम आइसोलेशन में यानी अपने घर में रहकर ही इलाज कराने को मजबूर हैं, लेकिन ऐसे लोगों के लिए एक अच्छी खबर यह है कि अस्पताल में भर्ती न होने के बावजूद उन्हें हेल्थ इंश्योरेंस का लाभ मिल सकता है।




कोरोना संकट के इस दौर में देश की कई बीमा कंपनियां अपने ग्राहकों को होम केयर पैकेज भी उपलब्ध करा रही है। इस पैकेज के जरिये घर में आइसोलेट रहकर इलाज कराने वालों को हेल्थ इंश्योरेंस का फायदा मिल सकता है। बीमा कंपनियों के होमकेयर पैकेज में दवा, घर पर नर्स और डॉक्टरों की जांच, सीटी स्कैन, एक्सरे और कोरोना टेस्ट आदि सुविधाओं को शामिल किया गया है। जब तक मरीज की रिपोर्ट निगेटिव नहीं आ जाती, तब तक उसके सभी मेडिकल खर्च इसमें कवर किए जाते हैं।

**होम केयर कवर करने वाली बीमा पॉलिसी**

योजना का नाम प्रीमियम (10 लाख के कवर पर)

केयर हेल्थ इंश्योरेंस केयर 9031 रुपये
मैक्स बूपा हेल्थ इंश्योरेंस 12,012 रुपये
एडलविस हेल्थ इंश्योरेंस गोल्ड 14,743 रुपये
यूनिवर्सल सोमपो कम्पलीट हेल्थकेयर 13,462 रुपये
मणिपाल सिग्ना प्रोहेल्थ-प्रोटेक्ट 11,852 रुपये
टाटा एआईजी मेडिकेयर 11,671 रुपये
एसबीआई जनरल आरोग्य प्रीमियर 12,174 रुपये
रॉयल सुंदरम - लाइफलाइन सुप्रीम 13,758 रुपये
रिलायंस जनरल इंश्योरेंस-हेल्थ इन्फिनिटी 12,771 रुपये
फ्यूचर जेनरली - हेल्थ टोटल विटल 10,194 रुपये
स्रोतः पॉलिसीबाजार.कॉम

**किस तरह दावा करें**-होम केयर के तहत बीमा क्लेम करने के लिए आपको पास सभी जरूरी दस्तावेज होने जरूरी होंगे। इसमें सभी जांच रिपोर्ट, दावा खरीदारी की पर्ची, सीटी स्कैन रिपोर्ट, डॉक्टर का पर्ची आदि जरूरी होगा।

## 'रेड अलर्ट जनअनुशासन पखवाड़ा' में आमजन की समझदारी और सरकार की सख्ती से संक्रमितों की संख्या में आ रही कमी:शर्मा

जयपुर (नि.सं.)। चिकित्सा मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा है प्रदेश भर में चल रहे 'रेड अलर्ट जनअनुशासन पखवाड़ा' के दौरान आमजन द्वारा कोरोना प्रोटोकॉल की कड़ाई से पालना व सरकार द्वारा की जाने वाले सख्ती का नतीजा यह है कि पिछले दो दिनों से संक्रमितों की तादात में थोड़ी गिरावट दिखने लगी है। उन्होंने कहा कि यदि आमजन स्वप्रेरणा से पूर्ण अनुशासित होकर बेवजह घरों से बाहर नहीं निकले और सहयोग करते तो संक्रमण की चेन तोड़ना बेहद आसान हो जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि 'रेड अलर्ट जनअनुशासन पखवाड़ा' के तहत जारी निर्देशों के अनुसार बेवजह घूमने वाले लोगों को संस्थागत क्वारंटाइन सेंटर्स में भेजने कर व्यवस्था की है। उन्होंने कहा कि कड़े फैसले लेना सरकार को सुहाता नहीं है लेकिन जनता की सुरक्षा के ऐसा करना मजबूरी है। उन्होंने कहा कि संक्रमितों की संख्या में हालांकि बढ़ोतरी हो रही है लेकिन सुकून की बात यह भी है कि प्रतिदिन 12-15 हजार लोग पजिटिव से नेगेटिव भी होकर घर जा रहे हैं। मृत्यु दर भी 0.7 से 1 है, जो कि नियंत्रित है व अन्य राज्यों के मुकाबले कहीं कम है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में होने वाली प्रतिदिन मौतें हालांकि चिंतनीय है लेकिन इसे केवल और अनुशासन से ही रोका जा सकता है। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री ने नेतृत्व में विभाग और सरकार पूर्ण सतर्क और सजगता के साथ काम कर रहा है। प्रदेश में पर्याप्त ऑक्सीजन और रेमडेसिविर, टोसिलिजुमैब जैसी दवाओं की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि मौजूद संसाधनों के साथ सभी व्यवस्थाओं को मजबूत किया जा रहा है लेकिन यदि इसी तरह लोग लापरवाही बरतते रहे और संक्रमितों की संख्या में बढ़ोतरी होती रही तो कितने भी संसाधन हो कम पड़ जाएंगे।

## जॉब्स

1. उत्तर प्रदेश पुलिस,पद एसआई, प्लाटून कमांडर, फायर ऑफिसर, पद संख्या 9535, अंतिम तिथि 30 मई 2021
2. डीएफसीसीआईएल, पद जूनियर मैनेजर, एग्जीक्यूटिव और जूनियर एग्जीक्यूटिव, पद संख्या 1074, अंतिम तिथि 23 मई 2021
3. भारतीय डाक विभाग बिहार महाराष्ट्र, पद ग्रामीण डाक सेवक, पद संख्या 4368, अंतिम तिथि 26 मई 2021
4. भारतीय स्टेट बैंक एसबीआई, पद जूनियर एसोसिएट क्लर्क, पद संख्या 5000, अंतिम तिथि 17 मई 2021
5. एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूल, पद टीजीटी, पीजीटी, प्रिंसिपल पद संख्या 3400, अंतिम तिथि 31 मई 2021
6. पंजाब स्टेट कोऑपरेटिव बैंक, पद मैनेजर, क्लर्क, स्टेनो व अन्य, पद संख्या 856, अंतिम तिथि 20 मई 2021
7. बिहार टेक्निकल सर्विस कमिशन, पद मेडिकल ऑफिसर, पद संख्या 3638, अंतिम तिथि 24 मई 2021
8. इंडियन तिब्बत बॉर्डर पुलिस आइटीबीपी, पद मेडिकल ऑफिसर और स्पेशलिस्ट, पद संख्या 99, अंतिम तिथि 17 मई 2021

# तेजी से फैलती महामारी की वजह जानकर आप भी हो जाएँगे हैरान !

नई दिल्ली । हर दिन कोरोना को लेकर नए-नए कयास लगाए जा रहे है । कोरोना को महामारी घोषित करने के लगभग एक साल बाद विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आखिर मान लिया है कि कोरोना का वायरस हवा से भी फैल सकता है। WHO के अनुसार वायरस खराब वेंटिलेशन या भीड़ वाली बंद जगहों में भी फैल सकता है, जहां लोग लंबे समय तक रहते हैं, क्योंकि एयरोसोल हवा में एक मीटर से भी ज्यादा दूर तक जा सकते हैं। दरअसल, WHO ने कोरोना से जुड़े सवालों के जवाब अपडेट किए हैं। इनमें इस सवाल का जवाब भी शामिल है कि लोगों के बीच कोरोना कैसे फैलता है? माना जा रहा है कि इसके बाद कोरोना से बचने की नई गाइडलाइंस सामने आ सकती हैं। संगठन अब तक कहता आया था कि इस बात के पर्याप्त सबूत नहीं हैं कि कोरोना हवा से भी फैलता है।



इस बहस के पीछे वैज्ञानिकों के बीच ड्रॉपलेट और एयरोसोल को लेकर मतभेद है। अब तक ज्यादातर वैज्ञानिकों का मानना था कि छींकते, खांसते, गाते या बोलते हुए इंसान की नाक या मुंह से जो छींट या बूंदें निकलती हैं वह ड्रापलेट होती हैं। यानी उनका साइज 5 माइक्रोमीटर से ज्यादा होता है। उनमें कोरोना वायरस होने पर भी वह अपने वजन के चलते दो मीटर से ज्यादा दूर नहीं जा पाते हैं। गुरुत्वाकर्षण के चलते नीचे गिर जाते हैं। यानी कोरोना हवा से नहीं फैलता है । एक माइक्रोमीटर एक मीटर का 10 लाखवां हिस्सा होता है। वहीं, एक्सपर्ट्स के दूसरे समूह का कहना है कि मुंह और नाक से निकलने वाले छींटों का आकार 5 माइक्रोमीटर से कम भी हो सकता है और वह हवा के साथ बहकर दूर तक जा सकते हैं। यानी कोरोना वायरस हवा से भी फैल सकता है।

## हार्ड वर्क आउट वीडियो शेयर कर बोलीं टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा- मिसिंग माई प्लेग्राउंड



फिल्म अभिनेता टाइगर श्रॉफ की बहन कृष्णा श्रॉफ इंस्टाग्राम पर काफी एक्टिव हैं। वह अक्सर अपनी फोटो और वीडियो शेयर करती रहती है। इसी बीच कृष्णा श्रॉफ ने अपने इंस्टाग्राम पर अपना एक वीडियो कोलाज शेयर किया है, जिसमें उन्होंने अपने प्ले ग्राउंड यानि जिम को याद किया है। कृष्णा श्रॉफ का यह वीडियो सोशल मीडिया पर अब वायरल हो चुका है। कृष्णा श्रॉफ के इस वीडियो को उनके फैंस के अवाला बॉलीवुड सितारे भी लाइक कर कमेंट किया है। गौरतलब है कि कोरोना की दूसरी लहर ने देश की आर्थिक राजधानी मुंबई को एक बार फिर ठप कर दिया है। बेकाबू कोरोना को थामने के लिए लॉकडाउन जैसे सख्त कदम उठाने पड़ रहे हैं। इन दिनों मुंबई में लॉकडाउन है। ऐसे में सब कुछ बंद पड़ा है। इसलिए कृष्णा श्रॉफ अपने जिम को याद करते हुए पोस्ट शेयर की हैं।

**वीडियो में दिखा कृष्णा श्रॉफ हॉट लुक**-कृष्णा श्रॉफ अपनी नई वीडियो को शेयर करते हुए लिखा, मिसिंग माई प्लेग्राउंड @mmama-trigymकृष्णा श्रॉफ के इस वीडियो में आप देख सकते हैं वह खुद को फिट रखने के लिए कितनी हार्ड वर्कआउट कर रही हैं।

## जिंदगी खट्टी मीठी है, तो आज आपको हम बताने वाले हैं खट्टी कैरी के सेहत लाभ



जिस तरह सिर्फ मीठा खाते रहने से बात नहीं बनती, उसी तरह जीवन में सिर्फ सुख ही सब कुछ नहीं सिखाते। कभी-कभी कच्ची आमी से खटास भरे अनुभव भी आपके तन-मन की सेहत को लाभ पहुंचाते हैं।गर्मियां आते ही आम सबसे पहले याद आता है। भारत में आम की हर किस्म बड़े ही चाव से खाई जाती है। इसी श्रेणी में आती है - खट्टी कैरी या कच्चे आम। इनका नाम सुनते ही मुंह में पानी आ जाता है। शायद ही कोई व्यक्ति हो जिसे खट्टी कैरी न पसंद हो, खासकर महिलाओं को यह बहुत पसंद होती है।इस मौसम में लोग कैरी की चटनी या शरबत बनाकर अपने भोजन का स्वाद बढ़ा रहे हैं। मगर क्या आप जानती हैं कि खट्टी कैरी सिर्फ स्वाद का भंडार ही नहीं है, बल्कि औषधीय गुणों से भी परिपूर्ण है। आपको जानकर हैरानी होगी, लेकिन ये खट्टी कैरी आपके पाचन तंत्र और वज़न कम करने में भी आपकी मदद कर सकती है।

**1. रक्त विकार को नियंत्रित करती कच्ची आमी**-कच्चे आम खाने से एनीमिया, ब्लड क्लॉट, हीमोफिलिया जैसे रक्त विकारों को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। विटामिन C से समृद्ध, कच्चा आम कोलेजन को बढ़ावा देता है, रक्त वाहिकाओं की लोच बढ़ाता है और रक्त कोशिकाओं को बनाने में भी सहायता करता है।


**2. वजन कम करने में मददगार**-यदि आप भी अपना वज़न स्वादिष्ट तरीके से कम करना चाहती हैं, तो कच्चा आम भोजन का सबसे पसंदीदा विकल्प है।

कम से कम कैलोरी और चीनी के साथ कच्चा आम चयापचय को गति प्रदान करने में मदद करता है, आपको तृप्त रखता है और उन एक्स्ट्रा कैलोरी बर्न करता है।

**3. स्कर्वी का इलाज करता है**-स्कर्वी मसूड़ों की एक बीमारी है, जो विटामिन C की कमी के कारण होती है। इसमें मसूड़ों में चकत्ते, उभार और रक्तस्राव की समस्या होने लगती है।

## नेहा शर्मा ने बोल्ड अवतार में लगाई इंस्टाग्राम पर आग

बॉलीवुड एक्ट्रेस नेहा शर्मा सोशल मीडिया पर किसी सेंसेशन से कम नहीं हैं। नेहा शर्मा का इंस्टाग्राम बोल्ड फोटोज से भरा पड़ा है।



एक बार फिर नेहा ने ब्लैक ड्रैस मे अपनी कुछ हॉट फोटोज फैन्स के साथ साझा की हैं। इन फोटोज में नेहा शर्मा ब्लैक कलर की वनपीस ड्रेस में काफी बोल्ड नजर आ रहीं हैं। नेहा शर्मा के इंस्टाग्राम पर 11 मिलियन से ज्यादा फॉलोअर्स हैं, जो उनकी तस्वीरों पर दिल खोलकर लाइक और कमेंट्स करते रहते हैं। आपको बता दें कि नेहा शर्मा क्रूक, क्या सुपर कूल हैं हम, यंगिस्तान, यमला पगला दीवाना, तुम बिन 2, मुबारकां और तान्हाजी जैसी फिल्मों में नज़र आ चुकी हैं। सोशल मीडिया पर नेहा शर्मा कभी अपने ट्रेडिशनल लुक, कभी ग्लैमरस अंदाज तो कभी बोल्ड अवतार में तहलका मचाती रहती हैं। सोशल मीडिया पर नेहा शर्मा काफी लोकप्रिय हैं और फैन्स उनके हर अंदाज के दीवाने हैं।






| बल्लेबाज | विकेटकीपर | स्पिन ऑलराउंडर | तेज गेंदबाज |
|---|---|---|---|
| विराट (कप्तान), रहाणे, रोहित, शुभमन, मयंक, पुजारा | पंत, राहुल और साहा (राहुल-साहा को फिटनेस टेस्ट क्लियर करना होगा) | हनुमा, अश्विन, जडेजा, अक्षर, वाशिंगटन | बुमराह, शमी, ईशांत, सिराज, शार्दूल और उमेश |

## वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इंग्लैंड दौरे के लिए टीम इंडिया का ऐलान मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की हुई टीम में वापसी

नई दिल्ली। वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल और इंग्लैंड दौरे के लिए भारतीय टीम का ऐलान कर दिया गया है। तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और रवींद्र जडेजा की टीम में वापसी हुई है, जबकि हनुमा विहारी को भी टीम में रखा गया है। आईपीएल में खराब प्रदर्शन के बावजूद शुभमन गिल को टीम में जगह दी गई है। इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज में जबरदस्त गेंदबाजी करने वाले अक्षर पटेल भी अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या को टीम में शामिल नहीं किया गया है। ऑस्ट्रेलिया और इंग्लैंड के खिलाफ दमदार प्रदर्शन करने वाले मोहम्मद सिराज को टीम में रखा गया है। दूसरे ओपनर के तौर पर मयंक अग्रवाल को टीम में शामिल किया गया है। वॉशिंगटन सुंदर और शार्दुल ठाकुर भी टीम में अपनी जगह बनाने में सफल रहे हैं। जडेजा और मोहम्मद शमी ऑस्ट्रेलिया दौरे पर चोटिल होने के बाद इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू सीरीज में टीम का हिस्सा नहीं रहे थे। जडेजा का प्रदर्शन आईपीएल में चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से शानदार रहा था और उन्होंने हर्षल पटेल के एक ओवर में 37 रन जड़कर खूब वाहवाही लूटी थी। हार्दिक पांड्या के कंधे में कुछ समस्या रही थी, जिसके चलते वह मुंबई इंडियंस के लिए भी गेंदबाजी करते हुए दिखाई नहीं दिए थे और यही वजह है कि उनको टीम में नहीं शामिल किया गया है।

## कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाड़ी टिम सेफर्ट हुए कोरोना पॉजिटिव, न्यूजीलैंड के लिए नहीं भरेंगे उड़ान



नई दिल्ली। कोलकाता नाइटराइडर्स के खिलाड़ी टिम सेफर्ट की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। इसी वजह से वो न्यूजीलैंड के लिए फ्लाइट नहीं पकड़ पाएंगे। न्यूजीलैंड के विकेटकीपर बल्लेबाज टिम सेफर्ट की आरटीपीसीआर रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। उन्हें अब घर जाने के लिए नेगेटिव रिपोर्ट का इंतजार करना होगा। वो फिलहाल क्वारंटाइन में रहेंगे। वो केकेआर के तीसरे खिलाड़ी हैं जिनकी कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई है। वरुण चक्रवर्ती और संदीप वारियर के कोरोना संक्रमित होने की खबर आई थी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक उनके कोरोना पॉजिटिव होने की जानकारी मिली है। आईपीएल 2021 में हिस्सा ले रहे न्यूजीलैंड के खिलाड़ियों और सदस्यों में से कुछ चार्टर विमान से न्यूजीलैंड वापस लौट गए हैं। टिम सेफर्ट का भारत में ही उपचार होगा और क्वारंटाइन की अवधि पूरी होने के बाद नेगेटिव रिपोर्ट आने पर उन्हें वापस न्यूजीलैंज भेजा जाएगा। अभी वो चेन्नई जाने का इंतजार कर रहे हैं. जहां उनका इलाज निजी अस्पताल में होगा।

## कोविड 19 से जंग में भारत को पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर का मिला साथ



नई दिल्ली। भारत कोरना वायरस की दूसरी लहर से बुरी तरह जूझ रहा है। भारत में हर दिन 4 लाख से ज्यादा कोरोना के केस सामने आ रहे हैं। कोरोना संकट के समय भारत में मरीजों को ऑक्सीजन सिलेंडर और अस्पतालों में बेड नहीं मिल पा रहे हैं। इस कठिन समय में कई देशी और विदेशी सेलिब्रिटीज मदद के लिए सामने आए हैं। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज मोहम्मद आमिर ने भी भारत में कोरोना संकट को लेकर अपनी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने भारत के लिए दुआएं भेजी हैं।आमिर ने एक ट्विटर पर एक वीडियो जारी कर कहा, भारत, मेरी दिल से दुआएं आपके साथ हैं। याद रखना कि इस मुश्किल समय में हम सभी अपनी प्रार्थनाओं के द्वारा आपके साथ हैं। अल्लाह हम सभी पर रहमत रखे। पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज आमिर के अलावा पाकिस्तान के क्रिकेट टीम के कप्तान बाबर आजम, शोएब अख्तर और कई कई क्रिकेटरों ने अपनी दुआएं भारत के लिए भेजी हैं।

## करिश्मा तन्ना से ऋचा चड्ढा बोलीं- मास्क पहनो अभिनेत्री ने दिया ये जवाब

पूरे विश्व में एक बार फिर कोविड 19 का कहर बरसता दिख रहा है। कोरोना से संक्रमित होने वाले लोगों की संख्या करीब- करीब दिन प्रति दिन बढ़ती जा रही है। ऐसे में एक ओर जहां सरकार सभी को कोविड प्रोटोकॉल्स का पालन करने के सख्त निर्देश दे रही हैं तो वहीं सितारे भी अपने- अपने स्तर पर समझाइश और मदद कर रहे हैं। इस बीच सोशल मीडिया पर ऋचा चड्ढा और करिश्मा तन्ना आमने सामने आ गए हैं।




**ऋचा चड्ढा का कमेंट**-दरअसल इन दिनों करिश्मा तन्ना गोवा में हैं। ऐसे में करिश्मा ने अपनी कुछ तस्वीरें सोशल मीडिया पर शेयर की। इन तस्वीरों में करिश्मा काफी खूबसूरत नजर आ रही हैं। एक ओर जहां करिश्मा की कई फैन्स ने तारीफ की तो वहीं काफी सारे सोशल मीडिया यूजर्स ने अभिनेत्री को मास्क पहनने की भी सलाह दी। ऐसे में ऋचा चड्ढा ने भी कमेंट करते हुए लिखा- मास्क पहनो।ऋचा के कमेंट पर करिश्मा तन्ना ने भी बिना देरी के तपाक से जवाब दिया। करिश्मा ने ऋचा को जवाब देते हुए लिखा- मैं अपने प्राइवेट विला में हूं, किसी पब्लिक स्पेस में नहीं मैडम। एक ओर जहां कई सोशल मीडिया यूजर्स को ऋचा का कमेंट पसंद आया तो वहीं दूसरी ओर करिश्मा के जवाब को कई फैन्स ने पसंद किया।

टिकिट

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

### अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

– सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# आर्थिक चुनौतियों के बीच मानसून से उम्मीद



राम गोपाल सैनी

इस समय देश में कोरोना की दूसरी घातक लहर के कारण घटते हुए औद्योगिक उत्पादन और बढ़ती हुई आर्थिक चुनौतियों के बीच कृषि क्षेत्र में सुकूनभरी उम्मीदों के दो चमकीले आधार दिखाई दे रहे हैं। एक, फसल वर्ष 2020-21 में खाद्यान्न के रिकॉर्ड उत्पादन के अनुमान पेश किए गए हैं। और दूसरा, वर्ष 2021 में भारत में मानसून के अच्छे रहने के कयास लगाए गए हैं। उल्लेखनीय है कि पिछले साल भी कोविड-19 की पहली लहर की चुनौतियों के बीच अर्थव्यवस्था में कृषि ही एकमात्र ऐसा क्षेत्र रहा, जिसने वृद्धि की। आर्थिक सर्वेक्षण 2020-21 में कहा गया है कि कोविड-19 महामारी के दौरान जहां देश की जीडीपी में बड़ी गिरावट आई, वहीं कृषि विकास दर में करीब 3.4 फीसदी की वृद्धि होने से जीडीपी में कृषि की हिस्सेदारी 17.8 फीसदी से बढ़कर 19.9 फीसदी पर पहुंचती दिख रही है। निस्संदेह, कोरोना की चुनौतियों के बीच देश में रिकॉर्ड खाद्यान्न उत्पादन का चमकीला अध्याय दिखाई दे रहा है। कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर के मुताबिक, फसल वर्ष 2020-21 के लिए मुख्य फसलों के दूसरे अग्रिम अनुमान में खाद्यान्न उत्पादन रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचते हुए 303.34 मिलियन टन अनुमानित है। पिछले वर्ष 2019-20 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन 297.50 मिलियन टन था। इतना ही नहीं, फसल वर्ष 2021-22 के खरीफ सीजन में रिकॉर्ड 104.3 मिलियन टन चावल उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। भारतीय खाद्य निगम के मुताबिक, देश में 1 अप्रैल, 2021 को सरकारी गोदामों में करीब 77.23 मीट्रिक टन खाद्यान्न का सुरक्षित भंडार है, जो बफर आवश्यकता से करीब तीन गुना अधिक है।

## ऑक्सीजन पर सुप्रीमकोर्ट का केंद्र को आदेश

# दिल्ली को रोज 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन देनी ही पड़ेगी; हमें सख्त कदम उठाने को मजबूर न करें

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली में ऑक्सीजन की कमी को लेकर सुप्रीम कोर्ट में फिर सुनवाई हुई। अदालत ने सख्ती दिखाते हुए केंद्र से कहा है कि अगले आदेश तक दिल्ली को हर रोज 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन देनी होगी। जस्टिस डी वाय चंद्रचूड़ की बेंच ने इस मामले की सुनवाई करते हुए केंद्र को चेतावनी भी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ आदेश जारी किया जाएगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब हम 700 मीट्रिक टन कह रहे है तो इतनी ही ऑक्सीजन दीजिए। हमें सख्त कदम उठाने को मजबूर न करें। अदालत की यह तल्खी इसलिए थी, क्योंकि उसने गुरुवार को ही केंद्र से साफ-साफ कह दिया था कि दिल्ली को 700 मीट्रिक टन ऑक्सीजन देनी ही पड़ेगी। इसके बावजूद दिल्ली सरकार की शिकायत आई कि उसे पूरी ऑक्सीजन नहीं मिल रही है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा कि ऑक्सीजन के ऑडिट के लिए एक्सपर्ट पैनल बना दिया गया है।



**कर्नाटक को भी सप्लाई बढ़ानी पड़ेगी**


कर्नाटक को ऑक्सीजन सप्लाई बढ़ाने के मामले में भी केंद्र सरकार को सुप्रीम कोर्ट से झटका लगा है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने कर्नाटक हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। हाईकोर्ट ने बुधवार (5 मई) को केंद्र सरकार को आदेश दिया था कि कर्नाटक को ऑक्सीजन सप्लाई 965 मीट्रिक टन से बढ़ाकर हर रोज 1200 मीट्रिक टन की जाए।

केंद्र सरकार ने इस आदेश को गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक हाईकोर्ट के आदेश को लेकर कोई शंका नजर नहीं आती और इसके खिलाफ केंद्र की अपील पर सुनवाई की कोई वजह भी नहीं दिख रही।

# एंबुलेंस या शव वाहन ज्यादा किराया ले तो इस नंबर पर 0141-2708318 करें संपर्क

जयपुर (हमारा वतन) एंबुलेंस/शव वाहन संचालक परिवहन विभाग द्वारा निर्धारित किराये से अधिक वसूली करते हैं, तो आमजन उनकी शिकायत कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 0141-2708318 पर कर सकते है। शिकायत प्राप्त होने पर परिवहन विभाग द्वारा तुरंत कार्यवाही की जायेगी।

खाचरियावास ने बताया कि किराये से संबंधित पोस्टर सभी अस्पतालों के बाहर चस्पा किए जा रहे हैं। आमजन बिना डरे कंट्रोल रूम पर शिकायत दर्ज करायें। प्रथम 10 किलोमीटर के बाद वाहनों की श्रेणी के अनुसार किराया तय किया गया हैं। इसमें 10 किलोमीटर के बाद मारूति वेन, मार्शल,





मैक्स आदि वाहनों का किराया प्रति किमी 12.50, टवेरा, इनोवा, बोलेरो, क्रूजर, रायनो आदि वाहनों का किराया 14.50 प्रति किलोमीटर एवं अन्य बड़े एम्बुलेंस, शव वाहनों का किराया 17.50 प्रति किलोमीटर निर्धारित किया हैं। वाहन में एसी की सुविधा होने पर 1 रूपया प्रति किमी अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकेगा। परिवहन मंत्री ने बताया कि एंबुलेंस व शव वाहनों को प्रथम 10 किमी के अतिरिक्त अधिक चलने वाली दूरी को 2 गुणा (आने व जाने) करने के बाद कुल किमी की गणना की जाएगी। उदाहरण के लिए कोई वाहन (मारूति एंबुलेंस द्वारा) 50 किमी की यात्रा करता है, तो कुल 50 किमी-10 किमी अर्थात 40 किमी गुणा 2 = कुल 80 किमी दूरी मानी जाएगी। देय किराया प्रथम 10 किलोमीटर का 500 न्यूनतम तथा अगले 40 किमी का 80 किमी की दूरी मानते हुए दर 12.50 से अर्थात 1000 रुपए देय होगा। कुल किराया 1000 जोड़ 500 = 1500 रूपए होगा।

# अब भारत ने बनाई कोरोना की दवा

नई दिल्ली (हमारा वतन) कोरोना से जारी लड़ाई के खिलाफ एक राहत भरी खबर आई है। ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (DCGI) ने ड्रग 2-डीऑक्सी-डी-ग्लूकोज (2-DG) दवा से कोरोना के इलाज को इमरजेंसी अप्रूवल दे दिया है। कोरोना संक्रमित मरीज के लिए यह एक वैकल्पिक इलाज होगा। जिन मरीजों पर इस दवा का इस्तेमाल किया गया, उनकी RT-PCR रिपोर्ट निगेटिव आई।

ये दवा कोरोना मरीजों में संक्रमण की ग्रोथ रोककर उन्हें तेजी से रिकवर करने में मदद करती है। 2-DG दवा को डिफेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट आर्गेनाइजेशन (DRDO) की लैब इंस्टीट्यूट ऑफ न्यूक्लियर मेडिसिन ने डॉ. रेड्डीज लैबोरेटरी की मदद से तैयार किया है। शुरुआती ट्रायल में पता चला है कि इससे मरीज के



ऑक्सीजन लेवल में भी सुधार होता है।

दवा पाउडर के रूप में मिलती है। इसे पानी में घोलकर मरीज को पिलाना होता है। ये दवा सीधे उन कोशिकाओं तक पहुंचती है जहां संक्रमण होता है और वायरस को बढ़ने से रोक देती है। लैब टेस्टिंग में पता चला कि ये कोरोना वायरस के खिलाफ काफी प्रभावी है। DRDO ने बयान जारी कर कहा है कि इसका उत्पादन भारी मात्रा में आसानी से किया जा सकता है।

## एचडीएफसी का Q4 में मुनाफा 31 प्रतिशत बढ़कर 5,669 करोड़ रुपये हुआ

नई दिल्ली। आवास वित्त क्षेत्र की प्रमुख कंपनी एचडीएफसी लिमिटेड ने बताया कि मार्च 2021 को समाप्त वित्तवर्ष में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 31 प्रतिशत बढ़कर 5,669 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने वित्तवर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में 4,342 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था। एचडीएफसी ने एक नियामकीय सूचना में कहा कि वर्ष 2020-21 की जनवरी-मार्च अवधि में उसकी एकीकृत आय दोगुनी से भी अधिक यानी 35,754 करोड़ रुपये हो गई जो कि वित्तवर्ष 2019-20 की इसी अवधि में 16,632 करोड़ रुपये रही थी। आलोच्य तिमाही में इस आवास वित्त कंपनी की ब्याज आय घटकर 10,879 करोड़ रुपये रह गई जो एक साल पहले की इसी अवधि में 11,391 करोड़ रुपये थी।

# कोरोना के बीच इस खतरे से अनजान है सरकार और जनता



जयपुर (हमारा वतन) कोरोना महामारी ने पूरे भारत देश में हाहाकार मचा दिया है । चारों और ऑक्सीजन सिलेंडर, हॉस्पिटल में बेड, वेंटिलेटर, इंजेक्शन, एंबुलेंस और दवाइयों की मारामारी चल रही है । जिस प्रकार इस वक्त हॉस्पिटल में बेड फुल हैं । डॉक्टर, स्टाफ, राजनेताओं, समाजसेवियों की अप्रोच से भी मदद नहीं मिल पा रही है और लोग असहाय होकर दम तोड़ रहे हैं ।

लेकिन इसी के बीच लोग इस बात से अनजान हैं की 1 मई 2021 से 18 वर्ष से ऊपर वाले युवाओं के वैक्सीनेशन का कार्यक्रम सरकार द्वारा शुरू हो चुका है । स्वास्थ्य विभाग के अनुसार कोविड-19 की वैक्सीन लगवाने के 2 महीने तक रक्तदान नहीं किया जा सकता है । युवा जन समूह इससे अनभिज्ञ होकर बिना रक्तदान किए ही वैक्सीनेशन करवा रहा है ।

उसी प्रकार अगर कहीं इस महामारी में ब्लड की कमी पड जाए तो फिर कोरोना से नहीं ब्लड की कमी से लोगों की जान जाएगी । हम सभी को समय रहते हुए पहले ही चेतना होगा और वैक्सीनेशन करवाने से पहले हमें रक्तदान करना होगा ताकि भविष्य में अगर ब्लड की आवश्यकता पड़ती भी है तो उसकी पूर्ति हो सके । क्योंकि रक्त शरीर में बनता है किसी फैक्ट्री में नहीं । हमारा वतन समाचार पत्र सभी युवा साथियों से निवेदन करता है कि सभी रक्तदान करने के बाद ही वैक्सीन लगवाएं ।

# सख्त लॉकडाउन में क्या खुलेगा,क्या नहीं

जयपुर (हमारा वतन) कोरोना महामारी के बढ़ते मामलों को देखते हुए अशोक गहलोत सरकार ने प्रदेश भर में 10 मई सुबह 5 बजे से 24 मई तक सख्त लॉकडाउन लगाने का फैसला किया है। नए लॉकडाउन में शादी समारोहों पर रोक लगा दी है। शादी हो सकती है लेकिन केवल 11 लोग ही मौजूद रह सकेंगे। निजी वाहनों की तरह अब बसों सहित पब्लिक ट्रांसपोर्ट के सभी साधनों पर रोक लगा दी है। जिलों में आपातकालीन हालात को छोड़ आवाजाही पर रोक रहेगी। मनरेगा के काम बंद रहेंगे। नए लॉकडाउन में इन चार प्रावधानों के अलावा बाकी के प्रावधान 30 अप्रैल की




गाइडलाइन वाले ही लागू रहेंगे।

खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 9352734588
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा